**खबर संक्षेप**

## महिला पर्यटक की रिसोर्ट में मिली लाश

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सफारी करने आई एक महिला पर्यटक की रिसोर्ट के कमरे में लाश पाई गई है। यह घटना धमोखर रेंज के सामोद सफारी रिसोर्ट में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक महिला पर्यटक का नाम प्रियंका शिंदे पिता जयन्त शिंदे 31 साल निवासी धार बताया गया है। हालांकि महिला मूल रूप से गुजरात की रहने वाली बताई जा रही है। रिसोर्ट के स्टाफ का कहना है कि मरने वाली महिला रात को भोजन करने के बाद अपने कमरे में गई थी। खाना खाने के बाद ही वो सोई थी लेकिन सुबह देर तक नहीं उठी। इसके बाद महिला पर्यटक के कमरे का दरवाजा बजाया गया और बाद में उसकी मौत की जानकारी मिली है। घटना के बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई और पुलिस ने पंचनामा बनाने के बाद महिला के शव को पीएम के लिए भेज दिया। अभी महिला के शव की पीएम रिपोर्ट आई नहीं है जिससे उसकी मौत के कारण को स्पष्ट तौर से कोई भी नहीं बता रहा है। हालांकि मौत के लिए जिन दो संभावित कारणों पर चर्चा हो रही है उन्हीं में से किसी एक के कारण यह घटना होने की आशंका जताई जा रही है। सामोद सफारी रिसोर्ट में ही एक महीने पहले एक विदेशी महिला बाथरूम में गिरने की वजह से घायल हो गई थी। विदेशी महिला पर्यटक रिसोर्ट में गिरने के बाद घायल हो गई थी जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला की हालत काफी गंभीर है जिसे जिला अस्पताल से भी जबलपुर रेफर कर दिया गया था। महिला का नाम केमिला पति थामश वार्नर उम्र 65 वर्ष बताया गया था। बांधवगढ़ नेशनल पार्क घूमने आई विदेशी पर्यटक को रिसोर्ट मैनेजमेंट ने गंभीर हालत में उसके हाल पर छोड़ दिया था। दर्द से तड़पती महिला से रहा नहीं गया तो उसके मित्रों ने 108 एंबुलेंस को फोन कर इलाज के लिए सामोद सफारी होटल बुलाया। इसके बाद महिला और उसकी दोस्त 108 के माध्यम से उमरिया जिला अस्पताल पहुंची जहां उसका प्राथमिक उपचार कर जबलपुर रेफर कर दिया गया था।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा



**उमरिया।** योग भारतीय प्राचीन संस्कृति का हिस्सा रहा है। ऋषि मुनियों के शोध पर आधारित समग्र स्वास्थ्य का विज्ञान है योग। भारत के इस ज्ञान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विष्व स्तरीय मान्यता मिली है । संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा योग को स्वीकार किया गया है। योग संपूर्ण मानवता को प्राप्त अमूल उपहार है। दसवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातः 6 बजे से जिला मुख्यालय उमरिया के अमर शहीद स्टेडियम सहित सभी जनपद मुख्या लयों, नगरीय निकायों, संकुल केन्द्रो , स्कूलों तथा ग्रामों में आयोजित किया जाएगा । प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विश्व योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास 14 जून को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य में तथा सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह एवं अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम के निर्देशन में अमर शहीद स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया । जिसमें उमरिया नगर के हजारो लोगों ने एक साथ, एक आवाज में योगाभ्यास किया । योगाभ्यास करने वालों में समाज के सभी वर्ग के लोग व्यापारी, विद्यार्थी, खिलाडी, मीडिया से जुडे लोग, शासकीय सेवक, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन , गायत्री परिवार, ब्रम्हाकुमारी परिवार, जिला योग परिषद के सदस्य, शिक्षक, विद्यार्थी हार्ट फुलनेस संस्था से जुडे लोग शामिल रहे । योगाभ्यास प्रातः 6 बजे शुरू हुआ । हार्ट फुलनेस संस्था की ओर से इसकी शुरूआत की गई । तत्पश्चात जिला योग परिषद तथा आयुष विभाग के प्रशिक्षित योग शिक्षकों व्दारा विभिन्न तरह के योगाभ्यास तथा उनसे प्राप्त होने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी गई ।

### क्लीनिक-नर्सिंग होम में सेवाएं दे रहे शासकीय चिकित्सक

# कायदों को रौंद रहे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक

**सरकारी चिकित्सक नियम कायदों को दरकिनार कर निजी अस्पतालों में सेवा दे रहे हैं। जबकि राज्य सरकार का नियम है कि कोई भी चिकित्सक एक संस्थान में ही अपनी सेवा देगा। निजी प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों की बात तो दूर जिला अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक ही इस नियम को ताक पर धरे बैठे हैं।**

शहडोल



संभागीय मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज सहित जिला अस्पताल के चिकित्सक पहले तो चोरी-छिपे मरीजों को निजी अस्पतालों में देखते थे, लेकिन अब वह खुलेआम निजी अस्पताल का प्रचार-प्रसार करते हुए कई अस्पतालों में सेवा दे रहे हैं। जिले के ज्यादातर निजी अस्पताल सरकारी डॉक्टर के भरोसे संचालित हो रहे हैं। नर्सिंग होम और प्राइवेट अस्पतालों में सरकारी डॉक्टर ऑपरेशन से लेकर ओपीडी तक सब संभाल रहे हैं। कुछ निजी अस्पताल तो, सरकारी डाक्टरों के ही हैं, लेकिन सरकारी सेवा में होने के कारण उन्होंने किसी और के नाम पर रजिस्ट्रेशन करा रखा है।

### चुप्पी साधे बैठा स्वास्थ्य विभाग

सरकार भले ही सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने को लेकर सख्त है, लेकिन यहां सब कुछ स्वास्थ्य विभाग की रजामंदी से चल रहा है। सीएमएचओ बीते दिनों ताम-झाम के साथ डॉक्टरों की प्राइवेट प्रेक्टिस करने वालों की लिस्ट मांगी थी, लेकिन उसमें क्या हुआ यह अब तक किसी को मालूम ही नहीं हुआ। मरीजों को इलाज के नाम पर लूटा जा रहा है और स्वास्थ्य महकमे के साथ जिला प्रशासन भी चुप्पी साधे बैठा है।

### प्राइवेट पै्रक्टिस के आगे सेवा शर्तें दरकिनार

जिला अस्पताल के गिने-चुने डाक्टरों को छोड़ अधिकतर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं, वहीं मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक तो, खुद का क्लीनिक तो संचालित कर ही रहे हैं, साथ ही निजी नर्सिंग होम में सेवाएं दे रहे हैं। शासकीय संस्थान में सेवा वह केवल इसलिए कर रहे हैं, ताकि मरीज उन तक पहुंचे और वह उन्हें निजी अस्पतालों में शिफ्ट कर उनकी जेब खाली कर सकें। इसके लिए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज में बकायदा अपने एजेंट व वाहन तक का इंतजाम कर रखा है। जिला प्रशासन स्थिति से वाकिफ है, बीते सप्ताह मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कार्यवाही की बातें कही थीं, लेकिन सबकुछ शून्य हो चुका है।

### दर्जनों चिकित्सकों की तैनाती

मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज में मौजूदा समय में दर्जनों डाक्टरों की तैनाती है, इसमें कुछ संविदा पर हैं। जिला अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज में अस्थि रोग विशेषज्ञ, सर्जन, फिजीशियन, नेत्र विशेषज्ञ और स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सक भी संभागीय मुख्यालय सहित आस-पास कस्बाई क्षेत्र में संचालित हो रहे नर्सिंग होम में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं कुछ अपने क्लीनिक में व्यस्त रहते हैं।

### ऐसे पहुंचते हैं मरीज

जिला अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज में एजेंटों की भरमार है। ये एजेंट उन डॉक्टरों के बताए जाते हैं, जो जिला अस्पताल में नौकरी करते हैं और बाहर प्रैक्टिस करते हैं। उन्हें बाकायदा पेमेंट किया जाता है। इसके बदले वे संबंधित डॉक्टरों के नर्सिंग होम अथवा क्लीनिक के लिए मरीजों को तैयार कर ले जाते हैं। मेडिकल कॉलेज भी इससे अछूता नहीं है, मरीजों को बेहतर इलाज का हवाला देकर नर्सिंग होम में ले जाया जाता है।

## जल संरचनाओं की सफाई, जीर्णोद्धार कर बनाया जा रहा उपयोगी
## क्षेत्रवासी बढ़-चढक़र अभियान में कर रहे सहभागिता

शहडोल



जीवन का आधार जल है, इसके लिए बिना जीवन संभव नहीं है। जल स्त्रोत नदी, तालाब, कुएं, बावड़ी, जलाशय यह सभी हमारी धरोहर हैं और हमें इनको सहेजना है। जल गंगा संवर्धन अभियान यह अभियान जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के साथ ही पर्यावरण के लिए भी लाभदायी है। इसमें नदी, तालाब, कुएं, बावड़ी आदि जल संरचनाओं की सफाई कर, जीर्णोद्धार कर उपयोगी बनाया जा रहा है। जल संरचनाओं के तल में जो गाद जमा हो गई है, उसे निकालकर गहरीकरण भी किया जा रहा है। जिससे कि बारिश का अधिक जल इन सरंचनाओं में संग्रहित हो। जल गंगा संवर्धन अभियान में क्षेत्रवासी उत्साहपूर्व बढ़-चढक़र सहभागिता निभा रहें है।

जिले में कलेक्टर श्री भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड्डी जनपद पंचायत बुढार में कुनुकहाई तालाब में तालाब का जीर्णोद्वार एवं साफ सफाई का कार्य किया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बँधवाबड़ा में खेत तालाब का कार्य किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुम्हियां में नाला की साफ सफाई का कार्य किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सोहागपुर के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नामदेव शंकर मंदिर तालाब की साफ सफाई प्रस्फुटन समिति के जोधपुर के सदस्य गण एवं पंचायत के सहयोग से किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत छकता में लघु तालाब का कार्य किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत उधिया में तालाब की साफ-सफाई का कार्य किया गया, जिसमे लोगों ने श्रम दान किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत सुखाड़ में नाला की साफ-सफाई का कार्य किया गया,जिसमे लोगों ने श्रम दान किया।



## योग, शरीर को बनाता है लचीला एवं मजबूतः कलेक्टर

शहडोल

10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम संभागीय मुख्यालय के पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया। 10 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि योग से शरीर के संपूर्ण अंग, प्रत्यंगों, ग्रांथियों का व्यायाम होता है। जिस वजह से हमारे सारे अंग सुचारू रूप से अपना कार्य करते है क्योंकि योग से हमारे शरीर के अंगो को बल मिलता है, जिससे हमारा शरीर दिन-प्रतिदिन लचीला और मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि योग के प्रति स्वयं जागरूक रहें और दूसरों को भी योग के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि योग केवल दिन न करें इसे अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल कर निरंतर अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि आगामी 21 जून को होने वाले विश्व योग दिवस के अवसर पर सभी लोग अपनी-अपनी सहभागिता भी निभाएं। 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम में कलेक्टर तरूण भटनागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन सहित अन्य अधिकारी व लोगों ने योगाभ्यास किया।

## नशीली दवाओं के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

शहडोल



पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देश में कोतवाली पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। आकाशवाणी के पास मुखबिर की सूचना पर पाली की ओर से आ रही एक 108 एम्बुलेंस को रुकवाकर जब उसकी तलाशी लिया तो, उसमें नशीले इंजेक्शनों की एक बड़ी खेप बरामद हो गई।गुरुवार की देर शाम एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 04 एनजेड 6054 जबलपुर से शहडोल आ रही थी, जैसे ही उक्त एंबुलेंस शहडोल के आकाशवाणी के ठीक सामने पहुंची तो, पहले से ही तैनात कोतवाली पुलिस की टीम ने एम्बुलेंस को रुकवाया। इसके बाद उसकी तलाशी ली गई तो उसमें से नशीले इंजेक्शनों का बड़ा जखीरा बरामद हो गया। एम्बुलेंस से कुल 255 नग इंजेक्शन बरामद किए गये हैं। जो बिक्री के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। इन इंजेक्शनों की कुल कीमत पुलिस नें लगभग 25 हजार रुपए बताई गयी है। वही एम्बुलेंस की कीमत लगभग 10 लाख रुपए आंकी गई है। इस प्रकार कुल 10 लाख 25000 हजार रूपये का मसरूका पुलिस ने बरामद किया है।

### कल्याणपुर के तीनों आरोपी



नशे का कारोबार करने वाले कल्याणपुर निवासी तीन आरोपी राहुल शुक्ला, संदीप सोनी और आदित्य उपाध्याय ने कोतवाली पुलिस के समक्ष कबूल किया है कि वे नशीले इंजेक्शनों की खेप ट्रेन के माध्यम से भोपाल से लेकर शहडोल आ रहे थे। शहडोल स्टेशन पर उनकी ओर किसी की नजर ना पड़े इसलिए तीनों आरोपी नशीले इंजेक्शनों से भरे बैग को लेकर चतुराई के साथ पाली के समीप वाले मुदरिया स्टेशन पर ही उतर गये। जहां पर पूर्व निर्धारित समयानुसार 108 एंबुलेंस का चालक विजय केवट एंबुलेंस लेकर उनका इंतजार कर रहा था। तीनों आरोपी उक्त एंबुलेंस में सवार होकर शहडोल नशे की खेप लेकर आ ही रहे थे कि आकाशवाणी के समीप पुलिस द्वारा दबोच लिए गये। चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस व ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### नशीले इंजेक्शनों की खेप धराई

पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन पर की गई इस बड़ी क़ामयाबी के अलावा हाल ही में कोतवाली पुलिस को नशीले इंजेक्शनों को पकडऩे में इसके पूर्व भी बड़ी सफलता अर्जित हुई थी। पुरानी बस्ती निवासी शिवम, प्रिंस एवं सुमित नामक युवक को कोतवाली पुलिस के जवानों ने रंगे हांथों पकड़ा था। उनके कब्जे से चार प्रकार के कुल 55 नग नशीले इंजेक्शनों को बरामद किया गया था। जिसको उन्होंने बिना नंबर वाली बाइक की डिक्की में रखा था। जिनके खिलाफ भी पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट एवं ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी, सहायक उप निरीक्षक रामराज पांडे, रजनीश तिवारी,राकेश बागरी व अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### विधायक ने सीएम राइज विद्यालय में ली समीक्षा बैठक

## निर्माणाधीन कन्या शिक्षा परिसर एवं सीएम राइज के नए भवन का किया निरीक्षण

जयसिंहनगर



मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल का वर्ष 2024 का परीक्षा परिणाम आने के बाद जयसिंहनगर में संचालित सीएम राइज विद्यालय पिछले कुछ दिनों से लगातर सुर्खियों में बना हुआ था द्य जयसिंहनगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी इस विषय पर पिछले दिनों जयसिंहनगर विधानसभा विधायक मनीषा सिंह से मिलकर प्रबंधन से जुडी कमियों पर चर्चा की थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए जयसिंहनगर विधानसभा विधायक मनीषा सिंह ने गुरुवार को जयसिंहनगर प्रवास के दौरान सीएम राइज विद्यालय में भाजपा जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष राम नारायण पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष गोहपारू मंडल अध्यक्ष मंगलेश्वर सिंह, मंडल महामंत्री हिमांशु गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष दिवाकर पयासी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक केशरवानी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री हीरालाल पाल, अनुविभागीय अधिकारी जयसिंहनगर प्रगति वर्मा तहसीलदार,बीइओ विकासखंड जयसिंहनगर राजेंद्र तिवारी, संकुल प्राचार्य राजीव तिवारी, सीएम राइज विद्यालय प्राचार्य डी. पी. कोकिला एवं अन्य विद्यालय शिक्षकों की उपस्थित में समीक्षा बैठक में शमिल हुई।

### प्राचार्य एवं शिक्षकों को दिए निर्देश

सीएम राइज विद्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विधायक मनीषा सिंह ने विद्यालय प्राचार्य और शिक्षकों से लगातर बोर्ड परीक्षा में कम आ रहे परीक्षा परिणाम में विधालय के छात्र एवं छात्राओं के प्रदर्शन पर चर्चा कर शिक्षकों से बेहतर परिणाम के लिए आगामी शैक्षणिक सत्र में नए सिरे से शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए निर्देशित किया साथ ही अनुविभागीय अधिकारी जयसिंहनगर एवं तहसीलदार जयसिंहनगर को विधालय में प्रत्येक माह निरीक्षण करने के लिए भी निर्देशित किया द्य सीएम राइज विधालय में समीक्षा बैठक उपरांत जयसिंहनगर के शासकीय आदर्श आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर विधालय प्राचार्य एवं शिक्षकों से मुलाकात कर विधालय में रहकर अध्ययन रत छात्र एवं छात्राओं को समुचित व्यवस्था और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए चर्चा की।

### नए भवन का किया निरीक्षण

मध्यप्रदेश सरकार की शिक्षा को लेकर बनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत जयसिंहनगर में बन रहे नए सीएम राइज विधालय भवन का निरीक्षण जयसिंहनगर विधानसभा विधायक मनीषा सिंह ने किया, निर्माण स्थल में पहुंचकर चल रहे, निर्माण का मुआयना कर स्थल में मौजूद इंजीनियर से निर्माण के संबंध में जानकारी लेते हुए समय पर पूर्ण गुणवत्ता के निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया। मनीषा सिंह ने बताया की मध्यप्रदेश सरकार की प्रदेश के हर कोने में बसे छात्र और छात्राओं को सर्व सुविधा युक्त शिक्षा व्यवस्था की दृस्टि से भाजपा की मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के सभी जिलों में सीएम राइज विधालय की सौगात दी गई है और इसी क्रम में पिछले दो वर्षो पूर्व ही जयसिंहनगर में सीएम राइज विधालय संचालित है विधालय के लिए नया भवन का निर्माणकार्य तेजी से प्रगति पर है नया भवन बनने के बाद जयसिंहनगर क्षेत्र के छात्र छात्राओं की सुविधाओं में इजाफा होगा।

### निरीक्षण में मिली अनियमित्ता

जयसिंहनगर के पुराने बायपास सडक़ के पास निर्माणाधीन कन्या शिक्षा परिसर विद्यालय भवन का निरीक्षण के दौरान विधायक मनीषा सिंह को निर्माण कार्य में अनियमित्ता देखने को मिली, निर्माण स्थल पर मौके पर ना तो निर्माण कार्य से जुड़ा कोई तकनीकी अधिकारी मौके पर उपस्थित रहा साथ ही निर्माण कार्य से जुडी सामग्री का उपयोग भी शंका के दायरे में आता प्रतीत हुआ। विधायक के निरीक्षण के दौरान ही जनप्रतिनिधियों ने निर्माण के दौरान पानी के तराई में कमी मुद्दा भी उठाया, निरीक्षण के दौरान निकली कमियों को देखते हुए विधायक मनीषा सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी जयसिंहनगर को निर्माण कार्य से जुडी सामग्री के जांच के लिए निर्देशित करते हुए गुणवत्ता युक्त तकनीकी रूप से स्वीकृत सामग्री के उपयोग कराने के निर्देश दिए।

## जिला चिकित्सालय में हुआ फायर डेमोंसट्रेशन



**शहडोल।** शासकीय कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में अचानक बीच मैदान आग की लपटे उठने लगी। आनन-फानन मे नगर पालिका शहडोल के फायरकर्मी वहाँ पहुंचे और आग पर काबू पाया। इस बीच नपा के दमकल कर्मी जहाँ धूप मे मशक्क्त कर आग बुझाते रहें, वहीं परिसर मे मौजूद दर्जनों अस्पताल कर्मी चुपचाप यह सब देखते रहें। दरअसल वहाँ कोई हादसा नही हुआ था, बल्कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला के निर्देशन पर जिला चिकित्सालय शहडोल में फायर डेमोंसट्रेशन किया जा रहा था। जिसमे इस बात से अस्पताल कर्मियों को अवगत कराते हुए जागरूक किया गया कि यदि अस्पताल परिसर मे कोई अग्नि हादसा हो जाए तो सावधानी बरतें और घबराए नही। थोड़ी से सावधानी से बढ़ा हादसा टाला जा सकता हैं, बस धैर्य की जरूरत होती हैं। इस फायर डेमोंसट्रेशन के दौरान अस्पताल के दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहें। वहीं इसकी जानकारी नगर पालिका परिषद शहडोल की फायर टीम के मोहम्मद इसराइल , नानक कुमार, शहरोज अहमद, मुनेश शर्मा, जफर खान, सुशील गुप्ता के द्वारा दी गई।

## एसडीएम स्थानांतरण नहीं तो, बंद करेंगे नेशनल हाईवे



**शहडोल।** 13 तारीख को एसडीएम सोहागपुर द्वारा पीएसीएल के साइबेरिया मैनेजर एवं किसानों को आमंत्रित किया गया था, 2016 से लगातार किसानों का सतत जन आंदोलन जारी है, ज्ञापन के बावजूद एसईसीएल और जिला प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आई, किसने की एक टीम जब एसडीएम से मिलने के लिए उनके चेंबर में पहुंची, एसडीएम द्वारा पहला सवाल पांच बुलाया था, 10 लोग क्यों आए दूसरा सवाल परिचय के दौर में नाराज ही हो गए बात करते-करते रामपुर को बुलाया था , अटरिया और बछिया के किसानों को क्या जरूरत है, किसान नेता व जनप्रतिनिधियों के द्वारा बार-बार आग्रह करने के पश्चात की सब बात तो सुन ली जाए, प्रोजेक्ट एक ही है, एरिया एक ही है, किसान सभी समस्या ग्रस्त हैं, सरपंच और जनपद सदस्यों के साथ अपनी समस्या लेकर आए हैं, कोई अपराध नहीं किया है, इतने में एसडीएम नाराज हो गए, बोले अच्छा बताइए, जैसे बातचीत शुरू हुई, एसईसीएल के द्वारा बार-बार जमीनों में जो त्रुटि निकल जाती है। जबकि यह सभी ऑर्डर तहसीलदार बुढार , सोहागपुर की होती हैं, उस विषय में किसानों ने समझाने का प्रयास किया ।

# मुख्य मार्ग में अतिक्रमण के साथ हैवी ट्रैफिक से परेशान नागरिक

बुढ़ार

ट्रांसपोर्ट नगरी के नाम से पहचान बना चुके बुढ़ार में इन दिनों मुख्य मार्ग पर हैवी ट्रैफिक और सडक़ के दोनों किनारे लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण ने आम नागरिकों का जीना दूभर कर रखा है, खास बात यह भी है कि दोनों तरफ से खड़ी ट्रकों के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं और पुलिस के लिए यह घटनाएं सरदर्द बनी हुई है, ना तो नगर परिषद का अमला लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण पर कार्यवाही करता नजर आ रहा है और न हीं पुलिस विभाग सडक़ के दोनों किनारे खड़े बेतरतीब वाहनों को हटाने की कार्यवाही कर रही है, कुल मिलाकर देखा जाए तो इन सब से के बीच सिर्फ आम आदमी ही पिस रहा है





## नगर परिषद का मुख्य मार्ग अतिक्रमण ग्रस्त

नगर परिषद बुढ़ार के मुख्य मार्ग जो जैतपुर चौराहे से होता हुआ स्टेट बैंक से लेकर अमलाई चौक, रेलवे ओवरब्रिज से आगे की ओर जाता है, इस मार्ग पर सडक़ के दोनों तरफ अवैध निर्माण लगातार हो रहे हैं कई निर्माण वर्षों पुराने हैं जिसमें पक्के निर्माण भी शामिल है, वही कई स्थानों पर लोहे और टीन की गुमटियां बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही है, अचरज इस बात का है कि नगर परिषद बुढ़ार का अमला इस मामले में चुप्पी साधे बैठा है और कार्यवाही के नाम पर कोरम तक पूरा नहीं किया जा रहा है।

## धूल डस्ट व ट्रकों का जमघट

रेलवे पुल से लेकर जैतपुर चौराहे तक सडक़ के दोनों तरफ ट्रकों की आवाजाही से धूल डस्ट अब यहां के नागरिकों की दिनचर्या में शामिल हो गया है, सडक़ के दोनों किनारे खड़े बेतरतीब वाहन जहां दुर्घटना का कारक बन रहे हैं वहीं वाहन चालकों के द्वारा आड़े तिरछे वाहनों को आगे पीछे करना और सडक़ के किनारे कई कई दिन तक भारी वाहनों को खड़ा कर देना दुर्घटना का कारक बन रहे हैं, इस मार्ग पर पूर्व में स्थानीय नगरीय निकाय और पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया था और ट्रांसपोर्ट तथा मैकेनिक की दुकानों के सामने वहां मरम्मत के नाम पर कई दिनों खड़े रहते हैं,वाहनों की मरम्मत के नाम पर ही यहां अघोषित पार्किंग बना दी गई है, जिस कारण सडक़ के दोनों किनारे काफी जगह होने के बाद भी यहां समस्या खड़ी है।

## अतिक्रमण से परेशान शहरवासी

जैतपुर चौराहे से लेकर नगर परिषद बुढार के दूसरे अंतिम छोर जो धनपुरी नगर पालिका से मुख्य मार्ग में जुड़ा हुआ है, यहां सडक़ के दोनों किनारे जितने भी निर्माण कुछ वर्षों या फिर कुछ दशकों पहले किए गए हैं इनमें से 25 से 30 प्रतिशत निर्माणाधीन आवासों की स्थानीय नगरीय निकाय और राजस्व अमले के द्वारा स्वीकृति तक प्रदान नहीं की गई है, निर्माण के दौरान रहवासियों ने जितने भूखंड को क्रय किया था और खसरे तथा नक्शे में उनके पास जितना भूखंड है उससे कई गुना अधिक पर निर्माण कर लिया गया, यह भी बताया गया कि, किया गया निर्माण ग्राम तथा नगर निवेश के नियमों के विपरीत किया गया है, यहां पर लगभग 2 से 3 वर्ष पहले कलेक्टर शहडोल और पुलिस हमले के संयुक्त प्रयास और उनके द्वारा भेजी गई टीम से अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई गई थी, इस मार्ग पर स्थित तालाब के ठीक सामने संजय पांडे नामक अधिवक्ता के द्वारा अतिक्रमण किया गया था, जिसे तोड़ दिया गया लेकिन फिर उसने उसी स्थान पर अपनी दुकान तान दी नगर परिषद के राजस्व अमले ने इस ओर से अपनी आंखें मूंद ली और शासकीय भूखंड पर निर्माण होता रहा।

## ट्रांसपोर्ट नगर की दरकार

शहर को धूल धुएं और अतिक्रमण के साथ ही लगातार हो रही दुर्घटनाओं से बचाने के लिए अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाने के अलावा भारी वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित कर ट्रांसपोर्ट नगर अलग से बनाए जाने और इसे नगर परिषद की सीमा से हटकर किसी अन्य मार्ग पर अब व्यवस्थित करने की आवश्यकता आन पड़ी है, इससे शहर के अंदर भारी वाहनो का प्रवेश रुकेगा वहीं सडक़ के दोनों किनारे खड़े भारी वाहन अपने ट्रांसपोर्ट और मैकेनिक की दुकानों के सामने एन एच 43 या फिर पंचवटी मार्ग पर स्थानांतरित किये जा सकते हैं, इन सबसे दुर्घटनाओ का ग्राफ जहां गिरेगा वही धूल और धुएं से भी शहर के वसींदों को निजात मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते हुए तीन जुआरी धराए

**कोतमा।** कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्री टोला में तालाब के समीप जुआ खेलते तीन आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। कार्यवाही के संबंध में पुलिस के द्वारा बताया कि निलेश जैन पिता स्वर्गीय नरेश चंद्र जैन उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर आजाद चौक कोतमा, बंटू सिंह जाट पिता रामदास सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी दर्री टोला तथा विक्की वंशकार पिता निशुआ उम्र 26 वर्षनिवासी दर्री टोला के कब्जे से ताश के पत्ते 11800 नगद जप्त करते हुए इस मामले में धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

### 16 जून से 15 अगस्त तक वर्षा ऋतु में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश मत्स्य उद्योग अधिनियम एवं मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्य प्रजनन काल की अवधि होने के कारण इस बंद ऋतु के दौरान मत्स्याखेट, क्रय-विक्रय, विनिमय, परिवहन करना प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

### शहपुरा में आयोजित हुआ कम्युनिटी युथ लीडर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**डिंडौरी।** 12 जून 2024 से नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय, शहपुरा में कम्युनिटी युथ लीडर (सी.वाय.एल.) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को जीवन कौशल विकास और संधारणीयता (सतत विकास) के महत्व को समझाना और उन्हें इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करना है प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में एसडीएम शहपुरा अनुराग सिंह ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से जीवन कौशल विकास कार्यक्रम में संधारणीयता-सतत रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### अनूपपुर इकाई के मुकेश मिश्रा जिलाध्यक्ष, ज्ञानचंद बने महासचिव

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ पूरे प्रदेश में पत्रकारों के हितों के लिये संघर्ष करने वाली पत्रकारों की अग्रणी और मजबूत संगठन है। मध्यप्रदेश में इसके लगभग दस हजार सदस्य हैं। अमरकंटक में मप्र श्रमजीवी पत्रकारों के 2022 सम्मेलन मे लगभग 1700 लोगों की सहभागिता का रिकार्ड है। प्रतिवर्ष इसके लिये सदस्यता अभियान चलाया जाता है। सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन में जिला, संभाग और प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जाती है।

# अवैध कालोनी का निर्माण करने पर होगी सख्त कार्यवाही



**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर ने आदेश जारी कहा है कि अवैध कालोनियों की जांच के लिए गठित जांच दल एवं संबंधित राजस्व निरीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर प्रथम दृष्टया मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339-क से 339-छ तथा मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम, 2021 के भाग-3 नियम-22 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन पाये जाने से अवैध कालोनी निर्मित करने वाले संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी करते हुये जवाब चाहा गया है कि उनके उक्त कृत्य के लिये भूमि को शासन के अधिकार में लेते हुये मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम, 2021 एवं नवीन संशोधन दिनांक 25.05.2023 के नियम 23 एवं 24 एवं नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339-ग में विहित प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही क्यों न की जाये।आदेश में कहा गया है कि अभी तक नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत ग्राम भुईबांध के खसरा क्रमांक 349, नरसरहा के खसरा क्रमांक 24/1, मतनी के खसरा क्रमांक 26/2, शहडोल के खसरा क्रमांक 289, 290 एवं 291, ग्राम सौखी के खसरा क्रमांक 120 एवं ग्राम सोहागपुर के खसरा क्रमांक 300, 1108, 1109, 1110, 1476, 298, 299 पर नलिनी सिंह, सुनील खरे, जया खरे, रतिया काछी, राजा सराफ, अनीश कुमार गुप्ता, इकबाल अहमद, विजय बहादुर सिंह, अजय बहादुर सिंह, अनिल बहादुर सिंह, बिन्दुराम तिवारी, सुनीता तिवारी, प्रभा मिश्रा एवं प्रमोद कुमार तिवारी के व्दारा अवैध कालोनी का निर्माण किया गया है। भूमि में अवैधानिक तरीके से कालोनी का निर्माण होने से मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम, 2021 एवं नवीन संशोधन दिनांक 25.05.2023 के नियम-23 एवं 24 एवं नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339-ग के तहत कार्यवाही / दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है, जिसके परिपेक्ष्य में संबंधितों को नोटिस जारी कर जवाब चाहा गया है। साथ ही प्रकरण के अंतिम निराकरण अथवा आगामी आदेश पर्यंत प्रभावित भूमियों के समस्त बटांकनों के क्रय-विक्रय को प्रतिबंधित किया गया है तथा जिला पंजीयक को निर्देश जारी किये गये हैं कि उक्त भूमियों के पंजीयन के पूर्व विक्रेता एवं क्रेता से संबंधित नगरपालिका परिषद / नगर परिषद से अनिवार्य रूप से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करें। समस्त अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को उनके अधिकार क्षेत्रांतर्गत अवैध कालोनाइजरों की जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही तथा तहसीलदार / नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि उनके क्षेत्रांतर्गत यदि अवैध कालोनी निर्मित हो रही है, तो जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन सक्षम अधिकरी के समक्ष तत्काल प्रस्तुत करें। शासन व्दारा अवैध कालोनी निर्माण करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं, जिसके निमित्त समय-समय पर नियम / अधिनियम तथा शासन निर्देश जारी किये गये हैं। अवैध कालोनी के संबंध में सतत निगरानी रखी जा रही है। किसी भी व्यक्ति के व्दारा अवैध कालोनी का निर्माण किये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# घरौला तालाब की सफाई साथ ही किया वृक्षारोपण





**शहडोल।** जल है तो कल है, जल ही जीवन है, के उद्देश्य तथा इस महत्वपूर्ण अवधारणा के प्रति जनमानस को जागरूक करने के लिए शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ताकि प्रत्येक नागरिक जल संरक्षण करने में अपनी अहम् भूमिका निभाये और पानी की महत्तता को समझे। जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत शहर के भी जलाशयों को साफ करने का कार्य किया जा रहा है जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक एवं जनप्रतिनिधि श्रमदान कर जल सरंक्षण हेतु प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज दिनांक को घरौला मोहल्ला तालाब की सफाई का कार्य किया गया जिसमें जल कुम्भी गाजर घास उगी हुई थी तथा लोगो द्वारा फेंके गये कूड़ा, कचरा का अम्बार लगा हुआ था।

वार्ड नंबर 19 के पार्षद सिल्लू रजक द्वारा जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में वार्डवासियों से सहयोग की अपील करते हुए श्रमदान कर घरौला तालाब स्वच्छ करने का कार्य किया गया। तालाब को दूषित कर रहे गाजर घास को निकाला गया तथा कूड़ा कचरा हटाया गया। श्रमदान करते हुये पार्षद सिल्लू रजक लोगों से अनुरोध किया कि पानी के बिना स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण और मनुष्य जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारे पूर्वजो ने भी पानी के बचाव के लिए अति महत्वपूर्ण बात कही है, रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून, और यह यथार्थ है कि पानी के बिना प्राणी जीवन असम्भव है। इसलिए सभी जनमानस जल का संरक्षण करे, पानी को दूषित न करे, जलाशयो नदियो में कूड़ा न फेंके। पार्षद ने कहा कि कई लोग मनोरंजन के लिए जंगल, नदियो, पहाड़ो में पिकनिक मनाने जाते हैं और पिकनिक के बाद बचा हुआ कूड़ा कचरा वहीं फेंक आते हैं जो कि प्रक्रृति, नदियों, जलाशयों के लिए अत्यधिक हानिकारक है। पार्षद ने सभी से आग्रह किया कि पिकनिक के बाद बचे हुये कूड़े को बोरी में भरकर लाये और कचरा संग्रहण डिब्बों में ही डाले। जल संवर्धन और संरक्षण प्रत्येक जनमानस की जिम्मेदारी है, सभी अपनी जिम्मेदारी निभायें। घरौला तालाब को स्वच्छ करने, सफाई करने में वार्डवासियों के साथ पार्षद उर्मिला चौधरी, पार्षद होल्कर सिंह परस्ते कल्याणी बाजपेयी, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश चौधरी, सतेंद्र सिंह एवं पुनीत त्रिपाठी नगर पालिका के सभी कर्मचारी वर्ग नें श्रमदान किया।

# छड़ चुराते विद्युत की चपेट में आया किशोर



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय श्रीजी प्लाजा के ठीक पीछे निर्माणाधीन मकान से लोहे की छड़ चुराते समय एक किशोर विद्युत तार की करंट के चपेट में आ गया। परिणाम स्वरूप उसका एक पैर बुरी तरह से जल गया। यह घटना आस-पास के लोगो द्वारा शुक्रवार की दोपहर लगभग सवा तीन बजे की बताई गई है। खबर है कि इमली टोला निवासी किशोर मुकेश गुप्ता पिता अर्जुन गुप्ता के निर्माणाधीन मकान की छत में लोहे की छड़ चुराने में जुटा था। उसी छत के ऊपर से 33 के.वी हाई टेंशन विद्युत तार की लाइन थी, जैसे ही उसने लोहे की सरिया को उठाकर निर्माणाधीन मकान के पीछे फेंकना चाहा, उसी दौरान लोहे की राड़ विद्युत लाइन से टच हो गई। जिस कारण लाइट ट्रिप हो गई और किशोर जलने लग गया। इसी दौरान छत के नीचे वह गिर गया। उधर मुकेश गुप्ता के निर्माणाधीन मकान की लाइन जिस विद्युत पोल से थी, वह भी जलने लग गई। शोर-शराबा होने के बाद आस-पास के लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकले और किसी ने 100 डायल के अलावा विद्युत विभाग को घटना की सूचना दिया। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और विद्युत विभाग के कर्मचारी भी अपने अपने वाहनो से आये जहाँ पर पंचनामा बनाया गया। इस घटना के बाद गंभीर रूप से जले किशोर को इलाज हेतु बिरसा मुण्डा मेडिकल कालेज ले जाया गया है।

## भाग गये दो साथी

घटना के बाद लोहे की छड़ चुराने वाले किशोर के दो अन्य साथी घटना स्थल से भाग गये। घटना की खबर लगने पर वार्ड नंबर 19 के पार्षद सुशील रजक उर्फ शिल्लू भी मौके पर पहुंचे थे। वहीं आस-पास के लोगों ने बताया कि काफी समय से उनके मोहल्ले में चोरियां हो रही थीं। यहां तक कि हनुमान जयंती के अवसर पर घटना स्थल के समीप बने हनुमान मंदिर से चांदी का हार अज्ञात चोर दिन दहाडे चुरा ले गये थे। इसके अलावा चोरी की छिट पुट वारदांते यहाँ पर अक्सर होती हैं।

# शांति समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न
## कलेक्टर द्वारा व्यवस्थाओं के संबंध में सौंपे गये दायित्व

**उमरिया।** ईदुज्जुहा त्यौहार मनाये जाने संबंधी जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर की धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। बैठक में शांति समिति व्दारा जिला अधिकारियों/गणमान्य नागरिको द्वारा ईदुज्जुहा त्यौहार सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारा से मनाये जाने का आग्रह किया गया। कलेक्टर ने ईदगाह की बाहर की साफ-सफाई कराने , ईदगाह स्थल पर आवारा पशु आने न पाये इसके लिये आवश्यक व्यवस्था करने, ईदगाह में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था टैंकर के माध्यम से करने, रोड मरम्मत का कार्य करने, ईदगाह स्थल में पुलिस बल की व्यवस्था पुलिस अधीक्षक उमरिया के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिए । पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कहा कि आपत्ति जनक पोस्ट सोषल मीडिया में नही करें तथा कुर्बानी के अवशेष खुले में निस्तारण न करते हुए पर्यावरण के अनुकूल तरीके से करने की बात कही। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसीलदार/नायब तहसीलदार (समस्त) अपने अपने क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेगे। बैठक के अन्त में सभी जिला अधिकारियों/गणमान्य नागरिकों को उपरोक्त ईदुज्जुहा का त्यौहार शांति पूर्ण मनाये जाने का अनुरोध के साथ शांति समिति के सदस्यगणों एवं जिले के अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

# कदमटोला में की गई मौहाई तालाब की सफाई



**जमुना/बदरा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कदमटोला में मौहाई तालाब की सफाई का कार्य संपन्न हुआ। अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोतों, नदियों नालों ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल संरचनाओं का संरक्षण और पुनर्जीवन का कार्य किया जा रहा है इस अभियान में आमजन की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और श्रमदान कर जल स्त्रोतों की सफाई में योगदान दे रहे हैं। मौहाई तालाब की सफाई के दौरान जन अभियान परिषद के वॉलेटियर, ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव महेश यादव और ग्राम के निवासी भीम सेन और राजेश महरा बृजलाल टांडिया विशेष रूप से उपस्थित थे उन्होंने अपनी उपस्थिति से न केवल अभियान को समर्थन दिया बल्कि स्वयं श्रमदान कर तालाब की सफाई में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण और पुनर्जीवन हमारे समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है हमें अपने आने वाली पीढ़यिों के लिए जल की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। ग्रामवासियों ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और तालाब की सफाई में श्रमदान किया। राजेश महरा ने बताया कि इस तरह के अभियान से न केवल जल संरक्षण होता है, बल्कि समुदाय में एकता और सहयोग की भावना भी प्रबल होती है। अभियान की सफलता से प्रेरित होकर ग्राम पंचायत कदमटोला ने भविष्य में भी ऐसे और कार्यक्रमों का आयोजन करने का संकल्प लिया है। समाज के सभी वर्गों से अपील की गई है कि वे इस अभियान में भाग लेकर जल संरक्षण के महान उद्देश्य को साकार करें। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समस्त जिलों में इस प्रकार के कार्य निरंतर चल रहे हैं और आमजन की सहभागिता से यह अभियान एक जन आंदोलन का रूप ले रहा है।

# कचरा स्थल को लेकर पार्षद व नगर पालिका की ठनी

## कलेक्टर तक पहुंची शिकायत, मामला नपा कोतमा का

**कोतमा।** नगर पालिका के द्वारा वर्तमान में नगर से उठने वाले कचरे को ट्रैक्टर एवं छोटा कचरा गाड़ी के माध्यम से नगर के वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव बाहर खुले में फेंका जा रहा था। जिसका विरोध वार्ड पार्षद नोहर सिंह, पूर्व पार्षद देवशरण सिंह सहित निवासियों के द्वारा किया जा रहा था। उनका कहना था कि पूर्व में नगर पालिका के द्वारा वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव के बाहर कचरा फेंका जा रहा था जिसके कारण वार्ड वासी बीमार पड़ गए थे विरोध करने के बाद कचरा फेंकना बंद कर दिया गया था, लेकिन दोबारा से कचरा फिर फेंका जाने लगा कचरे के ढेर से पन्नियां एवं गंदे कपड़े उड़कर हमारे खेत में जाते हैं वर्तमान में खेती का सीजन शुरू होने वाला है जिसके कारण हमारी फसलों को नुकसान पहुंचेगा यदि कचरा फेंकना यहां पर बंद नहीं किया गया तो वार्ड वासी आंदोलन करेंगे। कचरा नहीं फेके जाने के संबंध में पार्षद द्वारा 13 जून को लिखित शिकायत नगर पालिका अध्यक्ष के नाम से भी की गई थी।

## कलेक्टर से की शिकायत

14 जून की सुबह से ही पार्षद नोहर सिंह पूर्व पार्षद देव शरण सिंह सहित वार्डवासी जिस जगह पर कचरा फेंका जा रहा था उसे जगह पर एकत्रित होकर नगर पालिका की कचरे से भारी गाड़ियों को रोक दिया गया और यह कहा गया कि आज के बाद यहां पर कचरा नहीं फेंका जाएगा। मौके पर नगर पालिका अधिकारी को भेजा जाए। पार्षद नोहर सिंह पूर्व पार्षद देव शरण सिंह के द्वारा दूरभाष पर कलेक्टर अनूपपुर से शिकायत करते हुए बताया कि यहां पर कचरा फेंका जा रहा था जिसके कारण वार्डवासी उल्टी दस्त जैसी बीमारी से ग्रसित हो गए थे और कचरे की ढेर में पड़ी पन्नियों को मूक जानवर अपना अपना आहार बना रहे हैं। जिसके कारण हमारे जानवरों को भी खतरा है। सीएमओ के पास शिकायत की गई तो उनका कहना था कि मैं यहीं पर कचरा फेंकवाऊगा दूंगा जहां शिकायत करना है शिकायत कर दो।



## पर्यावरण को भी हो रहा नुकसान

नगर पालिका के द्वारा वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव के बाहर खुले में कचरा फेंका जा रहा है और कर्मचारियों के द्वारा कचरे के देर में आग लगा दिया जाता है जिससे उसका धुआं गांव के अंदर तक पहुंचती है। जिससे कई प्रकार की बीमारी होने का वार्ड वासियों को अंदेशा बना हुआ है। वर्तमान में नगर पालिका के द्वारा जिस जगह पर खुले में कचरा फेंका जा रहा है वहां पर एसईसीएल के द्वारा पौधे लगाए गए हैं वह पौधे भी जल का नष्ट हो रहे हैं जिसके कारण पर्यावरण को नुकसान हो रहा है।

## मौके पर पहुंचे कर्मचारी

वार्डवासियों के विरोध करने के बाद मौके पर रवि सोनी अनवर सफाई सुपरवाइजर रवि द्विवेदी मौके पर पहुंचकर पार्षद एवं ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि आज के बाद यहां पर कचरा नहीं फेंका जाएगा तथा कचरे के ढेर में जो आग लगा है उसे तत्काल फायर ब्रिगेड के माध्यम से बुझाया गया एवं कर्मचारियों के द्वारा कहा गया कि यहां पर जो कचरे का ढेर लगा हुआ है उसे 5 दिन के अंदर गढ्ढा खुदवा कर समतलीकरण करवा दिया जाएगा। कर्मचारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने विरोध करना बंद किया।

## मौके पर नहीं पहुंचे अधिकारी

वर्तमान में सत्ता पक्ष का पार्षद नोहर सिंह नगर पालिका के द्वारा नगर से उठने वाले कचरे को गांव के बाहर खुली जगह में फेक जाने का विरोध कर रहे थे और मजे की बात यह है कि नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। जब यह हाल सत्ता पक्ष के चुने हुए जनप्रतिनिधि का है तो आम जनता का हाल नगर पालिका में क्या होता होगा यह इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### श्रमजीवी पत्रकार संघ की हुई बैठक

**ब्यौहारी।** श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक विगत दिनों विश्राम गृह ब्यौहारी में हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए इसके पूर्व श्रमजीवी पत्रकार संघ के कुछ साथियों द्वारा संघ को छोड़ देने के बाद संघ के नए अध्यक्ष का चुनाव किया गया नए अध्यक्ष के रूप में डॉ अशोक तिवारी के नाम का प्रस्ताव मोहम्मद चांद द्वारा रखा गया जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया इसके साथ अन्य पदों का भी आपसी सहमत से चयन किया गया जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद फाखिर चांद एवं सचिव पद के लिए श्रीनिवास मिश्रा को चुना गयासूर्यभान यादव संयुक्त सचिव ,विकास यादव को कोषाध्यक्ष एवं मोहम्मद राशिद को ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### पान टपरे व किराना दुकान से 15 लीटर पेट्रोल किया जब्त

**कटनी।** अवैध रूप से पेट्रोल का संग्रहण कर विक्रय करने की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो लोगों से 15 लीटर पेट्रोल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया ,एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के द्वारा मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम धरवारा में कुछ लोग अवैध एवं असुरक्षित रूप से पेट्रोल रखे एवं बिक्री कर रहे है कि सूचना पर टीम बनाकर मुखबिर के बताये स्थानो पर दबिश दी गई जो ग्राम धरवारा में भरत पांडेय 60 साल निवासी धरवारा का अपनी पान के टपरे में एक प्लास्टिक की कुप्पी में भरे पेट्रोल 05 लीटर कीमती 550 रूपये का एवं अन्नु साहू 26 निवासी धरवारा अपनी किराना की दुकान के अंदर एक प्लास्टिक की कुप्पी में भरा पेट्रोल 10 लीटर कीमती 1200 रूपये का लापरवाही से असुरक्षित अवस्था में अपनी दुकान के अंदर रखे मिले जो मानव जीवन के संकट उत्पान्न हो सकता है जिसे जप्त करते हुए आरोपियो के विरूद्ध धारा 285 भादवि के तहत पृथक पृथक कार्यवाही की गई।

### विद्युत तार ट्रक में फंसी ट्रांसफार्मर टूटकर गिरा

**कटनी।** पूर्व विद्युत वितरण कंपनी के स्लीमनाबाद फीडर के अंतर्गत बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल स्लीमनाबाद से बंधी स्टेशन की सड़क पर एक हाईवा का चालक रेत खाली कर रहा था। जैसे चालक ने सड़क किनारे रेत खाली करने डाला को ऊपर किया तभी उसमें बिजली का तार फंस गया। चालक को जब तक डाले में तार फंसने की आहट होती उससे पहले तार समेत बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर के टूटने से ट्रांसफार्मर खेत में धराशायी हो गया।

### पांच हज़ार का इनाम था आरोपी आरोपी पर

# मऊगंज पुलिस ने रस्सा कटिंग गिरोह के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**मऊगंज।** जिले के थाना मऊगंज में अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा पिता रामभुवन विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी कैचुआ थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज थाना में रिपोर्ट लिखाया था कि 2-3- 2024 की दरमियानी रात के समय भारत खाद रीवा से लेकर हनुमना की और जा रहा था तभी रात 3:00 के लगभग बहुत ही ओवर ब्रिज नेशनल हाईवे 135 पर पहुंचा तो आरोपी चलते ट्रक में चढ़कर 12 बोरी खाद पार कर दिया था। चालक की रिपोर्ट पर घटना के समय तीन आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जबकि चौथा आरोपी विपिन उर्फ छोटू तिवारी निवासी घुरेहटा फरार हो गया था। मऊगंज पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी पर 5000 का इनाम घोषित किया था। मऊगंज पुलिस ने 5 किलोमीटर की दौड़ लगाकर पीछा करते हुए, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अनिल काकडे, सहायक निरीक्षक सत्येंद्र सिंह चौहान, आरक्षक वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, अवनीश पांडे, विवेक यादव, रजनीश यादव, प्रमोद पटेल, पुष्पराज बागड़ी की सराहनीय भूमिका रही।

# नीट परीक्षा के पेपर लीक करने वालों पर हो कार्यवाहीः एस.एफ.आई.



**रीवा।** स्टूडेन्टस फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा नीट परीक्षा में की गई व्यापक धांधली एवं पेपर लीक के मामले में परीक्षा में सामिल लाखों छात्र छात्राओं के साथ न्याय करने व परीक्षा में भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग को लेकर अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने विश्वविद्यालय गेट पर प्रदर्शन किया इस मौके पर एस.एफ.आई. के प्रदेश सचिव अजय तिवारी ने कहा कि इस देश में जितनी भी महत्वपूर्ण परीक्षायें सरकार द्वारा आयोजित कराई जा रही है सभी भ्रष्टाचार की शिकार हैं। परीक्षा कराने बाली संस्थाओं के प्रमुख अपने लोगों को उपकृत करने के लिए पढ़ने वाले योग्य छात्रों के भविष्य से खेल रहे हैं। नीट के एक ही सेन्टर मे से 7 छात्रों के पूरा पूर्णांक मिलना यह प्रदर्शित करता है कि बेईमानी हुई है। बिहार, गुजरात में गिरफ्तार लोगों ने बताया कि पैसे लेकर पेपर छात्रों को लीक किये गये है बड़ी मात्रा में पैसों का मिलना 67 छात्रों का पूर्णांक पाना तथा पूरी रैकिंग में हेराफेरी आदि ऐसे विषय है जो परीक्षा की पदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। छात्र नेता ने इस पूरी परीक्षा की सी.बी.आई.से जांच कराने, अवैध लाभ लेकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। संगठन ने कहा कि एक भी योग्य छात्र के साथ अन्याय न हो इसकी जवाबदारी सरकार को लेनी चाहिए। इस आन्दोलन में जिले के सचिव विक्रम सिंह, अमरजीत, प्रताप, अजय, अभिषेक, अवनीश, सौरभ सोनकर, सूरज, पुष्पेन्द्र, रवी, शिवप्रकाश, कृष्ण कुमार, अनुज प्रजापति आदि कई छात्र शामिल रहे।

# नगर निगम महापौर ने निर्माण विकास कार्यों के संबंध में जोनबार कार्यों की ली समीक्षा बैठक

**जिन निर्माण कार्यों की गति धीमी है उन निर्माण कार्यों में गति लाते हुए पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें: महापौर**



**रीवा।** नगर पालिक निगम महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' द्वारा निर्माण विकास कार्यो के संबंध में निगमायुक्त संस्कृति जैन की उपस्थिति में जोनवार कार्यो की समीक्षा बैठक ली गई। नगर निगम में चल रहे सभी निर्माण कार्यो की प्रगति पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। महापौर ने कहा कि जिन निर्माण कार्यो की गति धीमी है उन निर्माण कार्यो में गति लाते हुए पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यो के कारण शहर में जलभरॉव की स्थिति उत्पन्न न हो, साथ ही जहॉ पर इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना हो उन कार्यो को तत्काल पूर्ण करें एवं जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। साथ ही कार्य की गुणवत्ता पर कहा गया कि शहर के विकास के लिए निर्माण कार्यों का समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा होना अत्यंत आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी परियोजनाएँ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों और शहरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। महापौर ने कहा कि ठेकेदारों को भी सख्त निर्देश दिए जाय कि वे कार्य में गुणवत्ता बनाए रखें और सभी सुरक्षा मानकों का पालन करें। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाय। निर्माण कार्य के संबंध में नगरवासियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए उनकी शिकायतों का त्वरित जॉच कर निराकरण कराये। भवन अनुज्ञा के संबंध में कहा गया कि नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाय। साथ ही बाढ के नियंत्रण हेतु समुचित व्यवस्था बनायें जाने के भी निर्देश दिये गये। महापौर द्वारा कहा गया कि आगामी वर्षा ऋतु में शहर में जलभरॉव के कारण आवागमन के लिए शहरवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री एसएल दहायत, एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री संन्तोष पाण्डेय, बीएस बुन्देला, अम्बरीश सिंह, पीएन शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, मानचित्रकार राजेश चतुर्वेदी, उपयंत्री हरेराम मिश्रा, रमेश सिंह, सुनील मिश्रा, श्यामसुन्दर मिश्रा, शुभम तिवारी, अभिनव चतुर्वेदी, मनोज सिंह, आशुतोष पाण्डेय, नरेन्द्र जोगी, निखिल रजक उपस्थित रहे।

# जल निगम के तहत सीटेड ने नमामि गंगे शपथ कार्यक्रम का किया आयोजन





**मऊगंज**-भारत सरकार द्वारा जल संकट को देखते हुए सभी आम जनों में जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संचालित नमामि गंगे महाभियान जगह-जगह आयोजित किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में जल जीवन मिशन बाणसागर परियोजना को जिला मऊगंज में संचालित करने वाली संस्था सेंट्रल ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड एंटरपेनोरशिप डेवलपमेंट की प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमृता तिवारी के नेतृत्व में जिले के सभी कम्यूनिटी मोबिलाइजरों के द्वारा ग्राम उधौपुर्वा के किर्तिया शिव मंदिर में स्वच्छता कार्यक्रम एवम जल संरक्षण के लिए शपथ कार्यक्रम का अयोजन किया गया। नमामि गंगे महाभियान का मुख्य उद्देश्य जल संकट से निपटने एवं तालाबों नदियों विशेष जल श्रोतों की साफ-सफाई कर उन्हें पुनः जल से भरकर जल संकट को दूर करने का है। आयोजित विशेष कार्यक्रम में ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए जल जीवन मिशन की प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमृता तिवारी ने कहा की जल संकट आज हमारे पूरे देश में व्याप्त होता चला जा रहा है जिसको दूर करने के लिए हम सभी को एक साथ मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। हमारे जो प्रमुख जल श्रोत है सर्वप्रथम उन्हें हमें बारिश के जल से संग्रहित करने की आवश्यकता है जिससे हमारा वॉटर लेवल बेहतर हो सके। इसके अतरिक्त हम अपनी दैनिक क्रियाओं में जल को अत्याधिक बर्बाद करते है जिसको हमें रोकने की आवश्यकता है और यह सब तभी जाकर संभव हो सकता है जब आप सब जागरूक हों जल का उपयोग तो करें ही साथ ही जल को बचाएं भी। हम जितना जल आज बचाते है हम उतना ही जल आने वाली पीढ़ी के लिए संग्रहित करते है। इसलिए हम सभी को आज से ही जल को बचाना है और अपने आस-पास के लोगों को भी जल बचाने के लिए जागरूक करना है। कम्यूनिटी मोबिलाइजर निशी सिंह ने सभी ग्राम वासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत उधौपुर्वा की सरपंच श्रीमती सरोज सेन ग्राम पंचायत बमुरिहा के सरपंच बाबूलाल कोल प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमृता तिवारी सहायक प्रबंधक जल निगम हरीश पाण्डेय कम्यूनिटी मोबिलाइजर रवि मिश्रा सौरव तिवारी संदीप पाण्डेय कुलदीप पाण्डेय अशोक सिंह लवकुश साकेत निशी सिंह सौरभ मिश्रा शिवम मिश्रा मुकेश पटेल आशीष मिश्रा सचिन तिवारी संदीप शुक्ला अंकित पाण्डेय ऋतिक द्विवेदी चंदन पाण्डेय एवम सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मॉडल साइंस कॉलेज, रीवा के छात्रों, प्रोफेसर, एनएसएस और एनसीसी द्वारा वीहर नदी की सफाई और किया पौधरोपण

रीवा




मॉडल साइंस कॉलेज, रीवा के छात्रों, शिक्षकों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त प्रयासों से वीहर नदी की सफाई और वृक्षारोपण का एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व एनएसएस प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे, राष्ट्रीय सेवा योजना महिला प्रभारी डॉ.विनीता कश्यप और एनसीसी अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया।

अभियान के संबंध मे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती सक्सेना ने बताया कि जल स्रोतों की सफाई, प्रदूषण के खिलाफ सीधी कार्यवाही है। इससे हम न केवल मिट्टी और जल की सफाई कर रहे हैं, बल्कि अपने आस-पास मौजूद कचरों में छिपी बीमारियों को भी साफ कर रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही हमें स्वयं भी प्लास्टिक व कृत्रिम रेशों वाले कपड़ों-झोलों का उपयोग न करने का संकल्प लेना होगा। इस अभियान मे एनसीसी के 100 कैडेट्स ने भी भाग लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नदी के प्रदूषण को कम करना और उसके किनारों को हरा-भरा बनाना था। अभियान के दौरान सभी ने मिलकर नदी के किनारे जमा कचरे को साफ किया और पानी को शुद्ध करने के लिए विभिन्न उपाय अपनाए। नदी सफाई के पूर्व कालेज प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए, जो भविष्य में पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहायक होंगे। एनएसएस पुरुष विंग प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे ने कहा, "हमारा यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। छात्रों, शिक्षकों और कैडेट्स का समर्पण और मेहनत प्रशंसनीय है।" एनएसएस महिला विंग प्रभारी डॉ.विनीता कश्यप ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए कहा, "इस प्रकार के अभियान समाज में जागरूकता फैलाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी हैं।" महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने एनसीसी कैडेट्स के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा, "हमारे कैडेट्स ने इस अभियान में जो उत्साह और मेहनत दिखाई है, वह वास्तव में सराहनीय है।" इस अभियान में लगभग 200 छात्रों, प्रोफेसर और 100 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। सभी ने मिलकर इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया और समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस पहल से न केवल वीहर नदी की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि यह समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी।

# विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर टीआरएस कॉलेज के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान का किया गया आयोजन

## रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम तरीका है- प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल

रीवा



शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में प्राचार्य डॉ. श्रीमती अर्पिता अवस्थी के निर्देशन एवं डॉ अमित तिवारी विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र विभाग के संयोजकत्व में विश्व रक्तदाता दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के महत्व को समझाना और जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर शुक्ल ने रक्तदान से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम तरीका है और इसे जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि हर दो सेकंड में किसी न किसी को रक्त की आवश्यकता होती है। एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है। नियमित रक्तदान करने वालों में हृदय रोग और कैंसर का खतरा कम होता है।छात्रों को रक्तदान की प्रक्रिया बताई गई। रक्तदान कैसे किया जाता है और इसके दौरान और बाद में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। व्याख्यान में रक्तदान के संबंध में मिथक और सच्चाई का विश्लेषण भी किया गया। छात्रों को रक्तदान के लाभ बताते हुए प्रोफेसर शुक्ल ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। रक्तदान से मानसिक संतुष्टि और सामाजिक योगदान का अनुभव होता है। व्याख्यान के बाद छात्रों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए एक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में लोगों ने रक्तदान से जुड़ी अपनी शंकाओं को स्पष्ट किया और प्रोफेसर शुक्ल ने उनका समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में, डॉ.राम यश साहू ने सभी लोगों का धन्यवाद किया और उन्हें नियमित रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित यह व्याख्यान अत्यंत सफल रहा। इसने छात्रों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें इस महान कार्य के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों ने इस तरह के और कार्यक्रमों का आयोजन करने का संकल्प लिया ताकि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता और अधिक बढ़ सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ कल्पना त्रिपाठी प्रो संध्या सिंह डॉ अंबर शुक्ला प्रो ज्ञानेंद्र तिवारी प्रो ललिता मिश्रा प्रो सुधा मिश्रा डॉ सविता चक्रधारी तथा विभाग के छात्र-छात्राएं हुआ अशैक्षणिक स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका थी

# हैंडपंप में पानी भरने गई किशोरी के साथ वृद्ध ने किया बलात्कार, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

रीवा




जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत हैण्डपंप में पानी भरने गई किशोरी के साथ वृद्ध ने बलात्कार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं।घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक चाकघाट थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी शासकीय स्कूल के समीप लगे हैण्डपंप में सुबह करीब 9 बजे पानी भरने गई थी। हैण्डपंप के समीप ही आरोपी की गौशाला है। आरोपी उक्त किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ गौशाला में ले गया जहां उसने किशोरी के साथ बलात्कार किया। करीब दो घंटे बाद जब वह पानी लेकर घर वापस आई तो परिजनों के पूछने पर पूरी घटना बता दी। बताया गया की पीड़िता के माता-पिता प्रयागराज में मजदूरी कर रहे थे जिनके वापस आने पर वे पीडिता को लेकर गुरुवार की सायंकाल थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय में पेश करने पर उसे जेल भेज दिया गया है।

### इनका कहना है

किशोरी की शिकायत पर मामला दर्ज कर तत्काल आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पानी भरने गई युवती के साथ आरोपी ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है जिसे न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय ने आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया।

**विवेक लाल, एडिशनल एसपी रीवा**

# जिले में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की सघन चेकिंग, 434 वाहनों से वसूले गए 2.54 लाख



**रीवा।** जिले के परिवहन विभाग द्वारा आर टी ओ के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्कवाड र, परिवहन चेकपोस्ट हनुमना, परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की निरंतर चेकिंग की जा रही है।जिसमें अप्रैल एवं मई 2024/- में 434 वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी नहीं पायी गई, जिन पर मोटरयान अधिनियम के अनुरूप कार्यवाही करते हुए 254500/- रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। हाई कोर्ट के आदेशानुशार पूरे प्रदेश भर में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए जाँच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें परिवहन विभाग के साथ साथ थाना यातायात एवं ज़िले के सभी थानो पर भी जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पुस्तक मेले का किया शुभारंभ



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा जिले में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में अधिकारी व शिक्षक जुनून एवं समर्पण के साथ कार्य करें तथा संस्कार युक्त शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले का आयोजन विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिये लाभप्रद है क्योंकि एक ही छत के नीचे विभिन्न विक्रेताओं द्वारा लगाये गये स्टाल में सभी स्कूलों की किताबें, ड्रेस व अन्य स्टेशनरी सामग्री गुणवत्ता से किफायती दर पर उपलब्ध हो रही है। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित तीन दिवसीय पुस्तक मेले का उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुभारंभ किया। मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले का आयोजन एक अभिनव पहल है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों व अभिभावकों को विक्रेताओं द्वारा लगाये गये स्टालों से सामग्री चयन की स्वतंत्रता रहेगी और सस्ते दर पर पाठ सामग्री मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से विक्रेता व अभिभावक दोनों खुश हैं उन्हें एक ही स्थान पर सभी सामग्री मिल रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा को अधोसंरचना विकास के कार्यों के साथ-साथ शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उच्चतम स्तर तक ले जाने के सभी प्रयास तेजी से जारी है। जिले में सीएम राइज विद्यालयों की स्थापना इसी दिशा में किये जा रहे प्रयास हैं। उन्होंने जल संरक्षण एवं पुराने जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन के लिये संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी से सहभागिता की अपेक्षा की तथा वृक्षारोपण कार्य कर इन्हें सहेजने के लिए तत्पर रहने की बात कही। श्री शुक्ल ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि पुस्तक मेले का रिस्पांस अच्छा रहे तो इसे तीन दिन से आगे भी बढ़ाया जाय। कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि शासन विद्यालयों में फीस वृद्धि को रोकने के लिए कटिबद्ध है तथा एक ही छत के लिये विद्यालयों की किताबों व अन्य सामग्री की उपलब्धता के उद्देश्य से पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। मेले में छात्रों व अभिभावकों को क्रय करने के लिये चयन की स्वतंत्रता है तथा छूट पर किताबें व अन्य सामग्री उपलब्ध हैं। उन्होंने इस आयोजन के प्रचार-प्रसार की भी बात कही ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। कार्यक्रम को सुभाष बाबू पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता ने आयोजन के विषय में जानकारी दी कि शासन के निर्देशानुसार आयोजित पुस्तक मेले में 50 से अधिक विक्रेताओं ने विभिन्न विद्यालयों में उपयोग में आने वाली पाठ सामग्री के स्टाल लगाये हैं जिनसे अभिभावक व विद्यार्थी पुस्तकें, ड्रेस व अन्य स्टेशनरी सामग्री छूट के साथ क्रय कर सकते हैं। इस दौरान अध्यक्ष नगर पालिक निगम व्यंकटेश पाण्डेय, प्राचार्य सीएम राइज वरूणेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश पाण्डेय, कमलेश सचदेवा सहित विद्यार्थी व अभिभावक तथा विक्रेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन कमलेश अग्रवाल ने किया।

# पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समीप गोलीबारी, युवक घायल



**रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरमौर चौराहे मे बेखौफ बदमाशों ने पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समीप गोली चलाने की वारदात को अंजाम दिया है। बंदूक से निकली गोली युवक के जंघ में जा धासी जिसे उपचार के लिए देर रात्रि संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, घटना की सूचना पर अमहिया थाना प्रभारी विजय सिंह परिहार सहित भारी पुलिस बल पहुंचा बताया गया है की गोली चलाने की वारदात दोस्तों के बीच आपस में ही हुई है। घटना के संबंध मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात्रि तकरीबन 12 बजे जनता कॉलेज के समीप रहने वाला आदित्य शुक्ला अपने आधा दर्जन दोस्तों के साथ सिरमौर चौराहा स्थित पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समीप खड़ा हुआ था इसी दौरान दोस्तों के बीच हंसी मजाक चल रहा था, तभी गोली चलाने की घटना हो गई बंदूक से निकली गोली आदित्य के जांघ में जा धसी है,जिसे दोस्तों द्वारा ही उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं गोली चलाने की सूचना अमहिया पुलिस को दी गई देर रात अस्पताल पहुंची पुलिस के सामने घायल युवक ने पूरी घटना के संबंध में पूछताछ किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। रीवा में लगातार गोली चलाने की वारदात हो रही है।वही पिछले दो दिनों के दौरान यह शहर में हुई गोली चलाने की दूसरी बड़ी वारदात है, इस बार बेखौफ बदमाशों ने पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समीप गोली चलाने की वारदात को अंजाम दिया है, पुलिस फिलहाल आरोपियों की तलाश कर रही है।

भाजपा सरकार में भाजपा के ही जनप्रतिनिधि उपेक्षित

# कमीशन से तंग आकर जनपद सदस्य करेंगे अनशन

20 वर्षो से प्रदेश में भाजपा की सरकार चली आ रही है। हाल ही में हुये लोकसभा चुनाव में 29 में 29 सीटों में भाजपा ने जीत दर्ज कर पूरे भारत वर्ष मे मध्य प्रदेश का नाम गौरव से लिया जा रहा है, परंतु क्षेत्रीय विकास कार्यो और भाजपा के जन प्रतिनिधियों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। अधिकारी कर्मचारियों द्वारा न तो इन्हें सम्मान दिया जा रहा है और न ही विकास कार्यो में साथ दिया जा रहा है। अपने ही सरकार में उपेक्षा का शिकार हो रहे जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा) के जनपद सदस्यों ने एसडीएम, जिंप सीईओ, एसपी, कलेक्टर सहित एडीजीपी व संयुक्त कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते हुये अपने अधिकारों की मांग की है।

अनूपपुर

जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा) में अध्यक्ष व सदस्य अपने आपको को अपमानित महसूस कर रहे हैं। दो वर्ष पहले जिस भारतीय जनता पार्टी ने जनपद में कब्जा करने के लिये एडी चोटी लगाकर अपने पैनल का दल बैठाया था। शपथ ग्रहण समारोह में मंच से उद्बोधन देते हुये जनप्रतिनिधियों ने कहा था कि भाजपा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य करती है, लेकिन हकीकत दो वर्ष बाद सामने आ ही गई। यहां खुद जनपद के जन प्रतिनिधि अधिकारियों पर कमीशन खोरी तथा निरादर करने का आरोप लगाने लगे है। कुल मिलाकर अधिकारियां की तानाशाह रवैये से परेशान होकर जनपद सदस्य अनशन के लिये कदम बढायेंगे।

## महिलाओं का नहीं सम्मान

जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा) के लगभग वार्डो में महिला जनपद सदस्य निर्वाचित हुये हैं। कुछ ही वार्डो में पुरूष की संख्या है। ये नारी शक्तियां भारतीय जनता पार्टी में एक विशेष स्थान रखती है और पार्टी के लिये जिले से लेकर क्षेत्र तक एक जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करती हैं, लेकिन आज अपने ही सरकार में बेगानो की तरह दस्तावेज रखकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दरवाजा खटखटा रही हैं उसके बावजूद भी इनकी समस्या सुनने के लिये कोई तैयार नहीं है। महज आश्वासन देकर इनके कार्यो का निपटारा कर दिया जाता है। लगभग दो वर्षो से






परेशान सभी जनपद सदस्यों ने अनशन का फैसला लिया है और कहा कि अगर हमें कार्य के साथ साथ सम्मान नहीं दिया गया तो राज्य स्तरीय अनशन तक करने के लिये मजबूर हो जायेंगे।

## अनशन किये जाने की मांगी अनुमति

जनपद सदस्यों ने ज्ञापन सौपते हुए कहा कि जनपद पंचायत अनूपपुर के समस्त जनपद सदस्यों के द्वारा जनपद पंचायत अनूपपुर, जिला पंचायत अनूपपुर में विगत समय कई बार विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, अपने लेटर पैड पर अनुसंशा कर स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री की ओर से विभिन्न मांगो का प्रस्ताव दिया जा चुका है, किन्तु अभी तक जनपद सदस्यों का व जनपद पंचायत अध्यक्ष अनूपपुर का आज तक एक भी कार्य किसी भी मद से स्वीकृत नही किया गया है। बल्कि ग्राम पंचायत बम्हनी में पंद्रहवें मद से स्वीकृत नाली निर्माण कार्य में सहायक यंत्री द्वारा तीन प्रतिशत की राशि कमीशन नही दिये के कारण एक लाख से अधिक राशि मूल्यांकन में घटा दिये गये है। जनपद सदस्यों से भी कमीशन की राशि वसूली जाती है। और कमीशन नहीं देने पर प्रस्तावों को लंबित रखा जाता है। जिससे तंग आकर जनपद पंचायत अनूपपुर के जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष के द्वारा 16 जून 2024 से मांग की संलग्न की सूची के अनुसार पूर्ति होने तक आमरण अनशन किया जाना तय है। कारणो को दृष्टिगत रखते हुए 16 जून 2024 से जनपद पंचायत अनूपपुर परिसर के सामने निराकरण दिनांक तक आमरण अनशन किये जाने का अनुमति प्रदान करने की मांग की है।



## गिनाई दर्जनों कमियां

जनपद सदस्यों ने कमियां गिनाते हुए बताया कि ग्राम पंचायतों के बैठको में नही बुलाया जाता है और न ही ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव के आधार पर सरपंच, सचिव के हस्ताक्षर से ही प्रस्तावित कार्यों को जनपद पचांयत एवं जिला पंचायत से बिना जनपद सदस्यों को जानकारी दिये ही स्वीकृत कर दिया जाता है। जिस कारण से जनपद सदस्यों का इनके निर्वाचन क्षेत्र के पंचायतों में कोई पकड़ नही होती है तथा सरंपच, सचिव जनपद सदस्यों का बिना कदर किये मनमाने ढंग से कार्य करते है। पंचायतों में स्वीकृत निर्माण कार्यों में जनपद सदस्यों को भी सहभागिता नही होने के कारण निर्माण कार्यों में पकड़ नही होता है। निर्वाचन क्षेत्र के पंचायतो में कोई भी कार्य स्वीकृत की जाती है। उसमें जनपद सदस्यों का कोई सहभागिता नही होती है। खेत तालाब, आवास योजना, सडक निर्माण ग्रेवल मार्ग एवं अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन में जनपद सदस्यों के प्रस्ताव का कोई भूमिका नहीं होती है। रोजगार सहायक, सचिव, सरपंच, उपयंत्री, सहायक यंत्री, सहित समस्त कर्मचारी जनपद सदस्यों का बात नहीं मानते है तथा जनपद क्षेत्र के प्रत्येक पंचायतों में ठेकेदारो व दलालो के माध्यम से कार्य गुणवत्ताहीन कार्य कराया जाता है। जनपद सदस्यों के द्वारा दिये गये विभिन्न प्रस्तावों को निर्वाचन दिनांक से अभी तक एक भी कार्य स्वीकृत नही किया गया है। जबकि पंचायतो के प्रस्तावों पर दलालो के माध्यम से कई कार्यों का उपयंत्री एवं सहायक यंत्री के द्वारा कई कार्य स्वीकृत कर दिये गये है। उपयंत्रियों एवं सहायक यंत्री के द्वारा कई कार्यों का बिना प्रशासकीय स्वीकृति के ही कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और कई कार्य अभी भी प्रगतिरत है। जनपद सदस्यों के द्वारा दिये गये खेत तालाबों, कैटल शेड, खेल मैदान, वाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य. पुलिया निर्माण, नाली निर्माण, विद्यालय भवन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का प्रस्ताव कई बार दिया गया है जो अभी तक लंबित हैं, जबकि पंचायतों से प्रस्तावित कराकर उसी तरह के कार्य दलालो व ठेकेदारो के द्वारा अनेको कार्य स्वीकृत कराकर उपयंत्रियों व सहायक यंत्री से मिली भगत कर कार्य कर रहें है। कई कार्य कर चुके है, और उनके गुणवत्ता को न देखते हुए भी पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दी गई है।

### इनका कहना है

मैं आदर्श आचरण संहिता लागू होने के दो दिन पूर्व ही आया हूं, अभी ठीक से कार्य भी शुरू नही हुआ है, ऐसे में यह आरोप पूरी तरह निराधार है। अगर कार्य गुणवत्ताविहीन रहेगा तो हम कैसे उसका मूल्यांकन सही तरीके से कर देंगे। मैं सभी जनप्रतिनिधियों का सम्मान करता हूं। यह ज्ञापन किस उद्देश्य से सौपा गया है इसकी जानकारी मुझे नही है।

**रमेश पांडेय, एसडीओ**
जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा)

*************************

निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के बावजूद भी किसी भी बैठक में नही बुलाया जाता है, अगर पंचायत में विकास कार्य लेकर जाते है तो किसी भी प्रकार से सहयोग नही किया जाता, जिससे परेशान होकर अनशन का रूख करना पड रहा है।

**दुर्गा पटेल, जनपद सदस्य**
जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा)

*************************

अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के कारण दो वर्ष बाद भी अध्यक्ष व सदस्यों को उपेक्षित होना पड रहा है। अधिकारी न तो क्षेत्र का विकास चाहते है और न ही जनप्रतिनिधियों को सम्मान देना चाहते है। कलेक्टर व एसडीएम को ज्ञापन सौपकर तय समय सीमा में निराकरण की मांग की, अगर निराकरण नही किया जाता है तो अनशन के लिए विवश होंगे।

**धनमती सिंह, अध्यक्ष**
जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा)

# नगर पालिका अनूपपुर के दामन में लगे एक और दाग से आया भूचाल पार्षद राधिका ने दिया सभापति व पीआईसी की सदस्यता से त्यागपत्र

अनूपपुर

नगरपालिका अनूपपुर का दामन अब दागदार होते जा रहा है। अकुशल जनप्रतिनिधि और मेहमान की तरह आने वाले अधिकारियों के कारण कार्य व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का आपस में मतभेद होने के कारण विकास का पहिया थम गया है और एक अलग ही दृष्टिकोण नगर विकास व नगरपालिका संचालक के लिए दिखाई दे रहा है। जिसके कारण आये दिन पार्षदों के द्वारा अपने पदो से त्याग पत्र दिया जा रहा है।



## वार्ड-12 की पार्षद ने दिया त्यागपत्र

नगर पालिका परिषद अनूपपुर में इस समय भूचाल सा आया हुआ है। जहां एक के बाद एक पीआईसी की सदस्यता से त्यागपत्र देने का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। अभी मई माह 2024 में संजय चौधरी पार्षद वार्ड क्रमांक 2 ने सभापति योजना, यातायात,परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग समिति से त्यागपत्र दिया था। इसके पश्चात जून माह 2024 में सुनीता (राधिका) बियानी पार्षद वार्ड क्रमांक 12 सभापति सामान्य प्रशासन विभाग ने पीआईसी की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। नगरपालिका के वार्ड क्रमांक-12 की पार्षद सुनीता (राधिका) बियानी ने सभापति, सामान्य प्रशासन विभाग एवं पीआईसी की सदस्यता से त्यागपत्र देते हुए कहा कि 14 जून को रखी गई पी.आई.सी. की बैठक के पूर्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अध्यक्ष पति के आपत्तिजनक व्यवहार एवं पीआईसी के कार्य सुचारू रूप से न होने एवं सामान्य प्रशासन विभाग के किसी भी कार्य व कार्यवाही की जानकारी न देकर मनमाना कार्य करने के कारण मैं सभापति, सामान्य प्रशासन विभाग व पी.आई.सी. की सदस्यता से त्यागपत्र दे रही हूं। कृपया त्यागपत्र स्वीकार करने का कष्ट करें।

## इसके पूर्व में दिये है त्यागपत्र

इसके पूर्व भी पार्षद संजय चौधरी के द्वारा अपने सभी पदो से त्याग पत्र देते हुए नगरपालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाये थे। कुल मिलाकर जनप्रनिधियों का आपसी मेल तथा अधिकारियों व कर्मचारियों के मनमाने रवैये के कारण नगरपालिका का विकास थम गया है। आपसी गुटबाजी और असामान्यता के कारण नगर पालिका परिषद अनूपपुर का परिणाम बदलाओ की ओर अग्रसर दिखाई पड रहा है। ज्ञात हो कि अनूपपुर नगर पालिका में पीआईसी का गठन भाजपा एवं कांग्रेस पार्षदों को मिलकर किया गया है। जबकि अध्यक्ष भाजपा से है।



# संकल्प महाविद्यालय और आईडीबीआई बैंक के तत्वाधान में किया गया रक्तदान

**अनूपपुर**। जिला मुख्यालय का प्रतिष्ठित संस्थान संकल्प महाविद्यालय तथा आईडीबीआई बैंक अनूपपुर के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां संस्थान के अधिकारी, कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर रक्तदान कर संदेश दिया है। संकल्प ग्रुफ ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर अंकित शुक्ला ने कहा कि जिले के हर संस्थान को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, यह एक ऐसा दान है जहां किसी का जीवन बचाया जा सकता है और इस सृष्टि में इससे बडा पुण्य का कार्य कुछ भी नही है। हमारे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस शिविर में बढ-चढ कर भाग लिया इसका मुझे बेहद खुशी हुई और आईडीबीआई बैंक को मैं धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि हमारे महाविद्यालय में शामिल होकर सहयोग प्रदान किया तथा रक्तदान कर लोगों के सेवा का अवसर प्राप्त किया। शिविर के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार अवधिया, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आरपी सोनी, डॉ. विनोद कुमार, लैब टेक्नीशियन भाईलाल पटेल, सहायक शाखा प्रबंधक आईडीबीआई बैंक अनूपपुर से अनुराग डूकसह बघेल, सहायक प्रबंधक पंखुडी श्रीवास्तव सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# संविदाकार को नहीं हुआ कार्य का भुगतान, कलेक्टर से लगाई गुहार



**अनूपपुर**। कृष्णा कंस्ट्रक्शन के राजीव गुप्ता ने कलेक्टर अनूपपुर को शिकायती आवेदन देकर कार्य के बदले रूके चार लाख पैंसठ हजार रूपये दिलवाने की मांग की है। आवेदन मे लिखा गया कि कि जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि के अन्तर्गत स्वीकृत सामतपुर तालाब में घाट एवं बाउण्ड्री बॉल, पेवर ब्लॉक, जी.आर.आई. चैन लिंक, फेसिंग एवं टैंक का निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशानुसार निर्माण एजेन्सी लोक निर्माण विभाग के स्थान पर नगर पालिका को नियत करने के निर्देश दिये गये। उक्तानुसार उक्त कार्य का अंतिम देयक तैयार किया गया। उपयुक्त प्रमाण पत्र तैयार कर आपकी ओर प्रेषित किया गया था जो लोक निर्माण पत्र क्रमांक 2306 दिनांक 02.01.2024 को मेरे द्वारा पत्र भेजा गया जिसकी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इसमें ठेकेदार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ठेकेदार को अनूपपुर के व्यापारी को मटेरियल का पेमेन्ट देना बाकी है। जिसके चैक बाउन्स के केस हाईकोर्ट अनूपपुर में विचाराधीन है। कृपया मेरा अंतिम देयक का भुगतान जल्द से जल्द किया जावे, अन्यथा मुझे 15 जुलाई 2024 को अपनी पत्नी व दोनो पुत्रियों के साथ मुख्यमंत्री के निवास पर जाकर आत्महत्या करने हेतु विवश होना पडेगा। आवेदक ने अंतिम देयक का भुगतान करने की गुहार लगाई है।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता- मंत्री

# कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने की कोतमा के निकायवार निर्माण कार्यों की समीक्षा

**अनूपपुर**। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाये। उन्होंने कहा कि सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसे सही स्वरूप में धरातल पर उतारना विभागों का लक्ष्य हो। उन्होंने कहा कि जनहितैषी कार्य को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। विभाग यह सुनिश्चित करें कि लोगों को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो, हर स्तर पर त्वरित निर्णय लेकर कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए और कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए विकास कार्य और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारी सजग रहे। श्री जायसवाल अनूपपुर जिले के नगर परिषद बिजुरी कार्यालय के सभागार में विधानसभा क्षेत्र कोतमा की निकायवार निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

## नागरिकों के संतुष्टि का ध्यान रखा जाए विशेष

बैठक में राज्यमंत्री ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र का विकास आदर्श स्वरूप में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए जन-प्रतिनिधि और शासकीय अमला प्रभावी रूप से गतिविधियाँ संचालित करें। विकास गतिविधियों और जन-कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता और जनता के संतुष्टि के स्तर का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यों से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण हो। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि प्रति तीन माह में जन-प्रतिनिधियों विकास एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी अधिकारियों की बैठक अवश्य हो, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के निराकरण और समय-सीमा में उनकी पूर्णता के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि शासन की जनहितकारी योजनाओं के लाभ से कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहे।



# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**राजनगर**। रामनगर थाने में गंगा उत्शव व बकरीद को लेकर थाना परिषद में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी समय में होने वाले पर्वो को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने विशेष रूप से कहा कि पर्वों के दौरान धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर-मस्जिद के आस-पास नगर परिषद समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। साथ ही बिजली और पानी की आपूर्ति समुचित रूप से सुनिश्चित हो। समिति के सदस्यों ने कहा कि सभी धार्मिक पर्वों में जैसा प्रशासन का सहयोग मिलता है वैसा मिलता रहे। नवाज पढ़े जाने के दौरान मस्जिद में सुविधा हो। इसके लिये विशेष व्यवस्था की आपेक्षा की गई। थाना प्रभारी अमर वर्मा ने कहा कि सभी धार्मिक पर्वों को शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनायें। समिति के सदस्यों ने जो मांग की हैं उनपर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाये रखना सभी का दायित्व है। बैठक में उपस्थित हुए नायब तहसीलदार ने कहा कि आगामी त्यौहारों को लेकर थाना पर शांति समिति की बैठक की गई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि त्यौहार में अक्सर देखा जाता है कि युवा वर्ग यातायात के नियमों को दरकिनार कर चल रहे हैं। जिसमें उन्होंने परिजनों से भी आग्रह किया है कि हेल्मेट और सीट बेल्ट लगाने के लिये अपने बच्चों को प्रेरित करें। वाहन पार्किंग के लिये अपने अंदर अनुशासन लाये। समिति के सदस्यों ने आगामी त्यौहारों को लेकर जो आपेक्षा की है उसे पूरा किया जायेगा, लेकिन जो कानून तोड़ेगा उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जायेगी। बैठक में नायब तहसीलदार संजय जाट, थाना प्रभारी अमर वर्मा, नगर परिषद बनगवां अध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, जेपी श्रीवास्तव, सुरेश गौतम, धर्मेंद्र सिंह, गिरजेश श्रीवास्तव, रामनारायण, धनंजय यादव नगर परिषद बनगवां, स्थानीय पत्रकार पत्रकार सहित अन्य प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित थे।

# 16, 19, 21 एवं 23 जून को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनूपपुर**। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि संचा./संधा. उप संभाग अनूपपुर एवं राजेन्द्रग्राम अंतर्गत उपकेन्द्र शांतिनगर एवं कोतमा रोड में आने वाले 33 केव्ही लाईन में अति आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके कारण 16 एवं 19 जून को 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोतमा रोड के अंतर्गत आने वाले समस्त अनूपपुर शहर के विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगा। 21 एवं 23 जून को 33/11 केव्ही उपकेन्द्र शांतिनगर एवं अनूपपुर शहर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं एवं अनूपपुर शहर के विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगा। आवश्यकतानुसार विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) ने विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहने से उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट के निष्प्रयोजित वाहनों की नीलामी 5 जुलाई को

**अनूपपुर**। जिला कार्यालय अनूपपुर में निष्प्रयोजित वाहन कार पंजीयन वर्ष 2006, जीप पंजीयन वर्ष 2008, जीप पंजीयन वर्ष 2005 निर्धारित शासकीय ऑफसेट मूल्य, वाहन जहां पर जिस स्थिति में है के घोष विक्रय हेतु नीलामी प्रभारी अधिकारी नजारत कलेक्ट्रेट अनूपपुर के समक्ष 5 जुलाई को अपरान्ह 2 बजे नियत की गई है। जिस किसी को उपरोक्त घोष विक्रय में उपस्थित होना हो, वह निर्धारित शर्तों के अधीन उपस्थित हो सकता है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने बताया है कि इच्छुक बोलीदार नीलामी किए जाने वाले वाहन का विवरण, नीलामी की शर्तें, अमानत राशि के संबंध में नीलामी सूचना आदि विवरण कार्यालय कलेक्ट्रेट नजारत शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सामान्य पूर्वाभ्यास सम्पन्न



**अनूपपुर**। दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले सामूहिक योग कार्यक्रम का सामान्य पूर्वाभ्यास (योगा काउंटडाउन) जिला मुख्यालय स्थित सामतपुर तालाब परिसर में प्रातः 7 से 7:45 बजे तक आयोजित किया गया। काउंटडाउन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी सहित अन्य प्रतिभागियों ने सहभागिता की। योग प्रशिक्षण नयन कुमार मिश्रा द्वारा दिया गया। योग प्रशिक्षक नयन कुमार मिश्रा ने योग क्रियाओं के संबंध में जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया। जिले के विभिन्न विद्यालयों तथा स्थानों पर भी सामूहिक योगाभ्यास के काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुष अधिकारी ने 21 जून को आयोजित दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम में जिलेवासियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सहभागिता की अपील की है। जिला मुख्यालय अनूपपुर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के मैदान में 21 जून को जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के तहत प्रातः 6 बजे से 7:45 बजे तक विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिला मुख्यालय के सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों सहित योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागिता के संबंध में प्राचार्यों को निर्देशित किया है।

### होमगार्ड आपदा दल को तैराकी व बाढ़ से बचाव के तरीके के सिखाए गए गुर



**अनूपपुर**। अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों के संबंध में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के जवानों को जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित सामतपुर तालाब में तैराकी का अभ्यास तथा बाढ़ से बचाव के तरीके के संबंध में डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांण्डेंट जे.पी. उईके की उपस्थिति में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांण्डेंट जे.पी. उईके ने बताया है कि होमगार्ड मुख्यालय तथा कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार के दिशानिर्देशानुसार अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के संबंध में आवश्यक आपदा तैयारियों के साथ ही बचाव सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ ही आवश्यकतानुसार चिन्हित स्थानों पर गोताखोर की तैनातगी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि खोजी/बचाव दल को उपयुक्त स्थल पर तैनातगी के साथ ही प्रत्येक जनपद, थाना स्तर पर राहत बचाव उपकरण उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।